प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को वाराणसी से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त : मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी राजीव कृष्ण ने आज तैयारियों को लेकर की बैठक।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सीएम युवा कॉन्क्लेव का किया शुभारंभ : कहा– प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर युवा के विज़न को साकार कर रहा है प्रदेश।
3. दिल्ली–मुंबई रेल मार्ग के मथुरा–कोटा खंड पर स्वदेशी रेलवे सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 लागू : केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे लोकसभा में बताया बड़ी उपलब्धि।

और

4. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश से नदियों का बढ़ा जलस्तर : औरैया में यमुना नदी और बलिया में गंगा नदी पहुंची खतरे के निशान से ऊपर।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को प्रस्तावित वाराणसी दौरे पर 2 हजार 248 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के साथ ही किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी जारी करेंगे। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। इसी क्रम में आज प्रदेश के मुख्य

सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों का जायज़ा लिया। बैठक में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण भी मौजूद रहे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*आज हुई बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों से प्रधानमंत्री कहा कि सभी व्यवस्थाएं बारिश को ध्यान में रखकर की जाएं और कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित प्रबंध किया जाए। इसके अलावा पीने के पानी, शौचालय और लोगों के बैठने के पर्याप्त इंतज़ाम करने के भी निर्देश दिए। वहीं डीजीपी राजीव कृष्ण ने सुरक्षा के इंतज़ामों की समीक्षा की और ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। उधर एसपीजी ने आज प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल ग्रामसभा बनौली पहुंचकर सुरक्षा को परखा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

————————

प्रधानमंत्री के काशी दौरे के मद्देनज़र भारतीय जनता पार्टी ने शहर में स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रदेश के राज्यमंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र ने वाराणसी के लहुराबीर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी के सांसद के तौर पर शहर का कायाकल्प कर दिया है। अपने सांसद के आगमन को लेकर शहर के लोगों में बहुत उत्साह है। बाइट....

*काशी के यशस्वी सांसद परम आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का दो अगस्त को काशी आगमन हो रहा है। काशी का सौभाग्य है हम सब काशीवासियों का सौभाग्य है कि इक्यावनवीं बार काशी आ रहे है काशीवासी अभिभूत है चूंकि उनके काशी आगमन से सिर्फ मिलना मिलाना नहीं होता। काशी की*

*जो झोली है वो सौगातों से भर जाती है। काशी के सपनों को काशी के विकास को एक नई पहचान मिली है दुनिया में।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो–2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत संचालित सीएम युवा योजना को प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए स्वरोजगार से स्वावलंबन तक की यात्रा का माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत 68,000 से अधिक युवाओं को 2751 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त एवं गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम युवा योजना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर युवा के विज़न को धरातल पर उतारने का काम किया है। बाइट.....

*सीएम युवा उद्यमी स्कीम के माध्यम से कैसे उनके जीवन में परिवर्तन आए पूंजी की कमी को दूर किया सीए उद्यमी स्कीम ने ट्रेनिंग की समस्या का समाधान किया सीए उद्यमी स्कीम ने आत्मनिर्भर युवा की प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन। को जमीनी धरातल पर उतारा है सीएम युवा उद्यमी स्कीम ने और सीएम युवा उद्यमी स्कीम हमारी युवाओं को केवल अब जॉब लेने तक नहीं बल्कि जॉब देने की सामर्थ्य प्रस्तुत करने का एक माध्यम भी बनाती है।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक हुई। बैठक में मंडल के जनपदों– लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न

विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पेश है एक रिपोर्ट....

*बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं, ज़रूरतों और जन अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय अनुभव और जडमीनी समझ शासन को योजनाओं के निर्धारण और प्रभावी क्रियान्वयन में मदद करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त 3,397 विकास प्रस्तावों, पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए।* आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।

————————

पदेश में महिलाओं को एक करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति की रजिस्ट्री कराने पर एक प्रतिशत छूट का लाभ आज से मिलने लगा है। प्रमुख सचिव स्टॉम्प और रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता की ओर इस संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद यह प्रक्रिया लागू कर दी गइ है। इससे पहले तक 10 लाख तक की सम्पत्ति पर यह छूट दी जा रही थी।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

दिल्ली—मुंबई रेल मार्ग के मथुरा—कोटा खंड पर स्वदेशी रेलवे सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 की कमीशनिंग लागू हो गई है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में कहा कि कोटा—मथुरा खंड पर कवच 4.0 की कमीशनिंग बहुत ही कम समय में की गई है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। बाइट.....

*पिछले साल दो हज़ार चौबीस की जुलाई में कवच का वर्जन फोर पॉइंट ओ यह अप्रूव हुआ आरडीएस से और एक शॉर्ट टाइम फ्रेम में कोटा से मथुरा के बीच में कवच फोर पॉइंट ओ का कमर्शियल कमीशनिंग जो की एक बहुत बड़ा अचीवमेंट है क्योंकि इतनी कॉम्प्लेक्स टेक्नोलॉजी को इतने कम समय में देश में लागू करना वह अपने आप में बहुत बड़ा एक अचीवमेंट है।*

————————

राज्यसभा में पहलगाम आतंकी हमले पर जारी चर्चा में आज विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के प्रदर्शन और क्षमताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले का मकसद जम्मू—कश्मीर की अर्थव्यवस्था को क्षति पहुंचाना था, जो अनुच्छेद—370 हटने के बाद सामान्य स्थिति और समृद्धि की ओर लौट रही थी। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि इस आतंकी हमले ने सभी सीमाएं पार कर दी थी , ऐसे में

दोषियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक थी।

वहीं राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने चर्चा में भाग लेते हुए, पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के ज़रिए पहलगाम हमले के आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना की सराहना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होना चाहिए। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

बाइट....

*मैं एक ही बात कहना चाहूँगा की यह इन्फॉर्मेशन वारम है का हवाला देकर या फॉरन से जो पैडल नैरेटिव है इसको इस हाउस को एक स्वर से इसका विरोध करना चाहिए और देश में जिस तरीके से सबके सहयोग से मोदी जी ने जो दुनिया में संदेश दिया है उसको आगे बढ़ाना चाहिए यह देश का सवाल है विपक्ष को भी इसमें अपने आपको शामिल करना चाहिए। और देश मोदी जी के नेतृत्व में सक्षम है सुदृढ़ है सिक्योर्ड है और आगे बढ़ने के लिए तैयार है छलांग लगाने के लिए तैयार है।*

————————

गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किये जाने वाले पद्म पुरस्कार—2026 के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन

लिए जाएंगे। नामांकन इस वर्ष 15 मार्च से शुरू हो गए हैं। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं।

————————

मध्य प्रदेश के बालाघाट में चल रही जूनियर नेशनल फुटबॉल चम्पियनशिप 2025 में उत्तर प्रदेश ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज हुए ग्रुप मैच के तीसरे मुकाबले में यूपी ने हिमाचल प्रदेश को 6–0 से हरा दिया। 3 अगस्त को होने वाले सेमीफाइनल में यूपी का मुकाबला मध्य प्रदेश की टीम से होगा।

————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज दिन भर रुक रुक कर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। कोटा बैराज से छोड़े गए पानी से औरैया में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। वहीं बलिया में गंगानदी खतरे के निशान के उपर बह रही है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए पूर्वी और पश्चिमी ज़िलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)